कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवास (म0प्र0)

क्रमांक / 52 / एस.डब्ल्यू / फा.क.–34 / 2024 देवास, दिनांक 02.05.204

:0: आदेश :0:

इस न्यायिक स्थापना पर पदस्थ प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, देवास (सुश्री रश्मि खुराना) के न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद क्रमांक **RCS-A/40/2023** (विनोद वि. रतनलाल आदि) से सम्बंधित एक अन्य व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक **RCS-A/**247/2023 (रतनलाल आदि वि. विनोद आदि) तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड (श्री नीलेन्द्र कुमार तिवारी) देवास के न्यायालय में लंबित होना बतलाया गया है।

अतः मैं, मधुसूदन मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश देवास, धारा 24 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त दोनों व्यवहार वादों में पक्षकारों एवं वाद की विषयवस्तु की समानता को दृष्टिगत रखते हुए, व्यवहार वाद क्रमांक **RCS-A/40/2023** (विनोद वि. रतनलाल आदि) को प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, देवास के न्यायालय से प्रत्याहरित कर व्यवहार वाद क्रमांक **RCS-A/247/2023** के साथ विधिवत् सुनवाई एवं निराकरण हेतु **तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड (श्री नीलेन्द्र कुमार तिवारी) देवास** के न्यायालय में अंतरित करता हूँ। संलग्न सूची इस आदेश का अंग रहेगी।

प्रकरण अविलंब संबंधित न्यायालय को भेजा जाए।

(मधुसूदन मिश्र)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
देवास (म0प्र0)

पृष्ठांकन क्रमांक / 1916 / एसडब्ल्यू / 2024 देवास दिनांक 02.05.2024

प्रतिलिपिः–

01. श्री नीलेन्द्र कुमार तिवारी, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, देवास
02. सुश्री रश्मि खुराना, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, देवास

की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।

03. जुनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, देवास की ओर उक्त आदेश को जिला न्यायालय,देवास की वेबसाईट पर अपलोड करने के निर्देश सहित अग्रेषित।
04. प्रस्तुतकार, प्रधान जिला न्यायाधीश, देवास
05. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, देवास

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(मधुसूदन मिश्र)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
देवास (म0प्र0)